हार्ट चैकअप शिविर में 1650 लोगों की जांच

पिंजौर, 18 मार्च (निस)। पिंजौर की अब्दुल्लापुर कालोनी स्थित व्हाईट हाऊस भवन में अंबाला हैल्थ केयर एंड वैल्फेयर सोसाइटी और गुड़गांव के डा. नरेश त्रेहन के हार्ट अस्पताल मेदांता के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय हार्ट चैकअप एंव बच्चों के रोगों की जांच का शिविर आज सम्पन्न हो गया। इसमें कुल 1650 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। मरीजों को दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई।

इस अवसर पर वैल्फेयर सोसाईटी उपाध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दूरदराज के पिछड़े गांवों तक उचित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए सोसाईटी कृतसंकल्प है। शक्ति रानी शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में 1650 मरीजों में से 500 मरीजों की ईसीजी, 455 का ईको टेस्ट और 200 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई और आए हुए सभी मरीजों ब्लॅड प्रैशर, ब्लॅड शुगर आदि टेस्ट भी निशुल्क किए गए।

इस अवसर पर पंचकूला नगरपरिषद पूर्व अध्यक्ष मनवीर कौर गिल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर समाज सेवी संत शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, सचिव बीडी गौतम, जगमोहन शर्मा भी उपस्थित थे।